Register Number | | | | | |

# Language — Part I — HINDI — Paper I

Time Allowed : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

I. निम्नलिखित में से किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 1 × 5 = 5

1) सर सूखे पंछी उड़ै, और सरन समाहिं ।

दीन मीन बिन पच्छ के, कहुँ रहीम कहाँ जाहिं ॥

2) अधर धरत हरि के परत, ओंठ दीठि पट् ज्योति ।

हरित बाँस की बाँसुरी, इन्द्रधनुष रंग होती ॥

II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

3) सो नारियाँ शास्त्र रचना कर

क्या बहु पति का करें विधान ?

पर उनके सतित्व गौरव का

करते हैं नर ही गुणगान ।

4) प्रथम सभ्यता ज्ञाता, साम ध्वनित गुण गाथा,

जय नव मानवता निर्माता, सत्य, अहिंसा दाता ।

5) भारत में सब भिन्न मति, ताही सो उत्पात ।

विविध देश, मतहू विविध, भाषा विविध लखात ॥

III. निम्नलिखित में से किसी एक पद्य का सारांश लिखिए : 1 × 15 = 15

6) तोड़ती पत्थर

7) भारत गीत

8) नदी के द्वीप ।

[ Turn over

IV. पद्य लेखन : 1 × 10 = 10

9) रहीम के तीन दोहे लिखिए ।

अथवा

10) कबीर के कोई तीन दोहे लिखिए ।

V. 11) निम्नलिखित में से किसी एक का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 = 5

अ) वरवै

आ) हरिगीतिका

इ) सोरठा ।

12) निम्नलिखित में से किसी एक का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 = 5

अ) उपमा

आ) अतिशयोक्ति

इ) यमक ।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

13) मेरी स्त्री और मेरे पुत्र बार-बार बुलाते हैं, मगर अब मैं यह गंगा माता का तट और अपना प्यारा देश छोड़कर वहाँ नहीं जा सकता ।

14) कुछ चीजें परमात्मा अपने हाथ से बनाता है और कुछ जब काम की अधिकता होती है तब, ठेके पर भी बनवा लेता है ।

15) जब तक व्यक्ति अपने लिए जीता है, तब तक वह बन्दी ही रहता है । आकांक्षा की परिधि सीमित होती है परन्तु उसकी प्यास बड़ी भयंकर होती है, सम्राट !

16) इसमें नौकरी की अर्जी थी, तो नौकरी से निकाल देने की शिकायत, पटवारी द्वारा सताए जाने का किस्सा था तो सरपंच द्वारा उत्पीड़न का इतिहास भी था ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4 × 3 = 12

17) भारत की नदियों का जल क्यों दूषित हुआ ?

18) तमिल भाषा का विकास कब और कैसे हुआ ?

19) अशोक के मन परिवर्तन का कारण क्या था ?

20) नखासकोने के बड़े मियाँ का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ।

21) कृषि-जन्य प्रदूषण के कारण क्या-क्या हैं ?

22) तमिल के पंच महाकाव्यों के नाम लिखिए ।

23) कृत्रिम उपग्रह किसे कहते हैं ?

VIII. निम्नलिखित में से किसी **एक** पाठ का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

24) अशोक

25) तमिल काव्य : वलयापति और कुंडलकेशी

26) बनारसी एक्का ।

IX. 27) निम्नलिखित के सही जोड़े मिलाइए : 5 × 1 = 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) राष्ट्रवादी | i) एकांकीकार |
| आ) हास्य-व्यंग्य के लेखक | ii) ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता |
| इ) विष्णु प्रभाकर | iii) आर्यभट्ट |
| ई) महादेवी वर्मा | iv) कृष्णदेव प्रसाद गौड़ 'बेढब' |
| उ) कृत्रिम उपग्रह | v) प्रेमचन्द । |

X. 28) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 4 × 2 = 8

अ) परामर्श देना

आ) उपालंभ भरना

इ) उपस्थित होना

ई) लंगोटिया यार

उ) नजर आना

ऊ) विसर्जन करना

ऋ) उपेक्षा करना

ए) बदला चुकाना ।